24/HV/M–2023–01

**Booklet Series**

**A**

**Serial No.**

**Candidate's Roll Number**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

Question Booklet

# LANGUAGE, GENERAL STUDIES AND HINDI

**Time Allowed : 2:30 Hours**

**Maximum Marks : 150**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet is divided into three Parts—Part–I, Part–II and Part–III. Part–I contains questions of **Language (Qualifying)**, Part–II contains questions of **General Studies** and Part–III contains questions of **Hindi**.
2. **Part–I** consists of Question Nos. **1** to **30**, **Part–II** consists of Question Nos. **31** to **70** (the questions and their responses are printed in English and Hindi versions both) and **Part–III** consists of Question Nos. **71** to **150**.
3. **All** questions carry equal marks.
4. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Booklet. Please check that the Booklet contains 32 printed pages including one page (Page No. 31) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated. If you find any defect in this Booklet, get it replaced immediately by a complete Booklet of the same series.**
5. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
6. An Answer Sheet will be supplied to you separately by the Invigilator to mark the answers. **You must write your Name and other particulars in the space provided on Page–1 of the Answer Sheet provided, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
7. You should encode your **Roll Number** and the **Question Booklet Series A, B, C or D** as it is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet with Black/Blue ink ballpoint pen in the space provided on **Page–2** of your Answer Sheet. **If you do not encode or fail to encode the correct series of your Question Booklet, your Answer Sheet will not be evaluated correctly.**
8. Each question comprises of **five** responses—(A), (B), (C), (D) and (E). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. Your total marks will depend on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet.
9. In the Answer Sheet, there are **five** circles—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ against each question. To answer the questions, you are to mark with Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one answer for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
10. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
11. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.
12. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.

For More Visit : Notifyhere.com
Join Telegram Channel : @Notifyhere

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।

## PART—I

### ( LANGUAGE )

**Directions (Q. Nos. 1 and 2) :** Fill in the blanks with suitable articles like 'a', 'an' and 'the' :

**1.** There are 30 or 31 days in _____ month.

(A) the
(B) a
(C) an
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**2.** My father is _____ engineer in the Water Works Department.

(A) the
(B) an
(C) a
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**3.** Which of the following is a part of bedroom?

(A) Pillow
(B) Table lamp
(C) Curtains
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**4.** Which of the following is a part of a room?

(A) Window
(B) Ceiling
(C) Floor
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**5.** Rainy season comes before

(A) winter
(B) spring
(C) summer
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**6.** The eighth month of the year is

(A) July
(B) September
(C) October
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**7.** Sister-in-law is

(A) husband's sister
(B) wife's sister
(C) brother's wife
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**8.** Cousins are

(A) maternal
(B) paternal
(C) siblings
(D) More than one of the above
(E) None of the above

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**9.** 'चाँदी' शब्द में कौन-सी संज्ञा है?

(A) द्रव्यवाचक संज्ञा

(B) जातिवाचक संज्ञा

(C) भाववाचक संज्ञा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा 'एकवचन' है?

(A) हस्ताक्षर

(B) छाया

(C) आँसू

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** हिन्दी शब्दकोश में 'क्ष' का क्रम किस वर्ण के बाद आता है?

(A) त्र के पश्चात्

(B) ज्ञ के पश्चात्

(C) क के पश्चात्

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** ''जिसकी यह पुस्तक है, उसे लौटा दो।'' इस वाक्य में कौन-सा सर्वनाम है?

(A) निश्चयवाचक

(B) संबंधवाचक

(C) पुरुषवाचक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13.** विशेषण का प्रमुख भेद कौन-सा **नहीं** है?

(A) असार्वनामिक विशेषण

(B) गुणवाचक विशेषण

(C) परिमाणवाचक विशेषण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा अशुद्ध शब्द है?

(A) वीभत्स

(B) लगान

(C) आगामी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है?

(A) क्षत्रिय

(B) क्षत्रीय

(C) उज्जवल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'तत्सम' शब्द है?

(A) घर

(B) स्नेह

(C) छेद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सा विदेशी शब्द है?

(A) बाघ

(B) परीक्षा

(C) चाय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** रचना के आधार पर 'जिन शब्दों के खंड सार्थक न हों' उन्हें कौन-सा शब्द कहा जाता है?

(A) रूढ़

(B) यौगिक

(C) योगरूढ़

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'अकर्मक क्रिया' है?

(A) उसे मत लजाओ।

(B) बालिका लजाती है।

(C) सेवक नदी से गागर भरता है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा देशज शब्द है?

(A) आवारा

(B) भौंरा

(C) परवल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द रूढ़ शब्द **नहीं** है?

(A) लकड़ी

(B) जलधारा

(C) महर्षि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** 'खारिज' किस भाषा का शब्द है?

(A) अरबी

(B) फारसी

(C) तुर्की

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** अशुद्ध और शुद्ध वर्तनी का कौन-सा युग्म सही **नहीं** है?

(A) कोमलांगिनी—कोमलांगी

(B) सुश्रूषा—शुश्रूषा

(C) माहात्म—महात्म्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** "उसका भविष्य उजवल है।" इस वाक्य में रेखांकित शब्द की शुद्ध वर्तनी कौन-सी है?

(A) उज्ज्वल

(B) उज्वल

(C) उज्जवल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**25.** एक छोटी आकृति का चमकीला वर्ग, जो स्क्रीन पर किसी चिह्न की स्थिति को स्पष्ट करता है, उसे क्या कहते हैं?

(A) करसर

(B) चिप

(C) कमांड

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**26.** 'कुरुक्षेत्र' के लेखक का क्या नाम है?

(A) हरिऔध

(B) श्रीधर पाठक

(C) मैथिलीशरण गुप्त

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**27.** "जसोदा हरि पालनै झुलावै।
हलरावै दुलराइ मल्हावैं, जोइ-सोइ कछु गावैं॥"

उक्त काव्य-पंक्तियों में कौन-सा रस है?

(A) शृंगार

(B) वीर

(C) वात्सल्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**28.** हिन्दी भाषा के उद्भव का काल माना जाता है

(A) 500 ई० पू०

(B) 500 ई०

(C) 1000 ई०

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**29.** भारतीय काव्यशास्त्र में क्षमाशील, गम्भीर, स्थिरचित्त, स्वाभिमानी एवं दृढ़ प्रतिज्ञ नायक को कहा गया है

(A) धीरललित

(B) धीरोदात्त

(C) धीर प्रशांत

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**30.** जिन शब्दों पर लिंग, वचन, कारक का कोई प्रभाव न पड़े, वे कहलाते हैं

(A) व्यय

(B) विकारी

(C) अविकारी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**31.** The floor of a rectangular hall has a perimeter 250 meters. If the cost of painting the four walls at the rate of ₹ 10 per $(\text{meter})^2$ is ₹ 15,000, then the height of the hall is

(A) 7 meters

(B) 16 meters

(C) 6 meters

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**32.** Which of the following statements is ***not*** true?

(A) Every natural number is a whole number.

(B) Every integer is a whole number.

(C) Every natural number is an integer number.

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**33.** The average of 7 consecutive numbers is 20. The largest of these numbers is

(A) 20

(B) 21

(C) 23

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**34.** The equation $ax^2 \quad bx \quad c \quad 0$ has two distinct real roots, if

(A) $b^2 \quad 4ac \quad 0$

(B) $b^2 \quad 4ac \quad 0$

(C) $b^2 \quad 4ac \quad 0$

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**35.** Mohan can do a bit of work in 25 days which can be completed by Sohan in 20 days. Both together labour for 5 days and afterward Mohan leaves off. How long will Sohan take to complete the remaining work?

(A) 20 days

(B) 11 days

(C) 14 days

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

## PART—II

## ( GENERAL STUDIES )

**31.** एक आयताकार हॉल के फर्श की परिधि 250 मीटर है। यदि ₹ 10 प्रति वर्ग मीटर की दर से चारों दीवारों को पेंट करने की लागत ₹ 15,000 है, तो हॉल की ऊँचाई है

(A) 7 मीटर

(B) 16 मीटर

(C) 6 मीटर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**32.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य **नहीं** है?

(A) प्रत्येक प्राकृत संख्या, एक पूर्ण संख्या है।

(B) प्रत्येक पूर्णांक, एक पूर्ण संख्या है।

(C) प्रत्येक प्राकृत संख्या, एक पूर्णांक संख्या है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**33.** 7 क्रमागत संख्याओं का औसत 20 है। इनमें से सबसे बड़ी संख्या है

(A) 20

(B) 21

(C) 23

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**34.** समीकरण $ax^2 \quad bx \quad c \quad 0$ के दो भिन्न वास्तविक मूल होंगे, यदि

(A) $b^2 \quad 4ac \quad 0$

(B) $b^2 \quad 4ac \quad 0$

(C) $b^2 \quad 4ac \quad 0$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**35.** मोहन 25 दिनों में एक काम कर सकता है जिसे सोहन 20 दिनों में पूरा कर सकता है। दोनों एक साथ 5 दिनों के लिए श्रम करते हैं और उसके बाद मोहन काम छोड़ देता है। शेष कार्य को पूरा करने में सोहन को कितना समय लगेगा?

(A) 20 दिन

(B) 11 दिन

(C) 14 दिन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**36.** If $X \quad a^2 \quad b^2$, $Y \quad 30$ and $a \quad b \quad 15$, then

(A) $X$ is lesser than $Y$ if $a \quad b$

(B) $X$ is greater than $Y$ if $a \quad b$

(C) $Y$ is greater than $X$ if $a \quad b$

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**37.** The probability of a non leap year selected at random will contain 53 Sundays is

(A) $\frac{1}{7}$

(B) $\frac{2}{53}$

(C) $\frac{1}{53}$

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**38.** If $7^{12x \quad 6} \quad 49^{3x \quad 12}$, then the value of $x$ is

(A) 3

(B) 4

(C) 7

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**39.** Myopia is a disease in which a person cannot see

(A) distant objects clearly

(B) nearby objects clearly

(C) nearby as well as distant objects clearly

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**40.** The term 'heredity' chiefly refers to

(A) anatomy

(B) meiosis

(C) genetics

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**41.** The cans in which food is packed are coated with tin and not zinc because

(A) tin is more reactive than zinc

(B) zinc is more reactive than tin

(C) zinc is costlier than tin

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**36.** यदि $X \quad a^2 \quad b^2$, $Y \quad 30$ तथा $a \quad b \quad 15$ हो, तो

(A) $X$ छोटा है $Y$ से यदि $a \quad b$

(B) $X$ बड़ा है $Y$ से यदि $a \quad b$

(C) $Y$ बड़ा है $X$ से यदि $a \quad b$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**37.** यादृच्छिक रूप से चुने गए एक गैर-लीप वर्ष में 53 रविवार होने की प्रायिकता है

(A) $\frac{1}{7}$

(B) $\frac{2}{53}$

(C) $\frac{1}{53}$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**38.** यदि $7^{12x \quad 6} \quad 49^{3x \quad 12}$ हो, तो $x$ का मान है

(A) 3

(B) 4

(C) 7

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**39.** मायोपिया वह बीमारी है, जिसमें व्यक्ति देख नहीं पाता है

(A) दूर की वस्तुएँ स्पष्ट रूप से

(B) पास की वस्तुएँ स्पष्ट रूप से

(C) पास की तथा दूर की वस्तुएँ स्पष्ट रूप से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**40.** 'आनुवंशिकता' शब्द मुख्य रूप से किसे संदर्भित करता है?

(A) शरीर-रचना

(B) अर्धसूत्री विभाजन

(C) आनुवंशिकी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**41.** जिन डिब्बों में खाना पैक किया जाता है, उन पर टिन की परत चढ़ी होती है न कि जिंक की, क्योंकि

(A) टिन, जिंक की तुलना में अधिक प्रतिक्रियाशील है

(B) जिंक, टिन की तुलना में अधिक प्रतिक्रियाशील है

(C) जिंक, टिन से महँगा है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**42.** The process in which atmospheric carbon dioxide is converted into carbohydrates during photosynthesis is

(A) oxidation

(B) reduction

(C) hydrolysis

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**43.** The quality of a printer is determined as

(A) words per inch

(B) strike per inch

(C) dots per inch

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**44.** Trachoma disease is related to

(A) lungs

(B) ears

(C) eyes

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**45.** Which of the following makes use of Newton's third law of motion?

(A) Archery

(B) Space rocket

(C) Venturimeter

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**46.** Particles which can be added to the nucleus of an atom without changing its chemical properties are

(A) neutrons

(B) electrons

(C) protons

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**42.** वह प्रक्रिया, जिसमें प्रकाश-संश्लेषण के दौरान वायुमण्डलीय कार्बन डाइऑक्साइड को कार्बोहाइड्रेट में परिवर्तित किया जाता है, है

(A) ऑक्सीकरण

(B) अपचयन

(C) जलीय-विश्लेषण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** एक प्रिन्टर की गुणवत्ता किससे निर्धारित की जाती है?

(A) शब्द प्रति इंच

(B) प्रहार प्रति इंच

(C) बिन्दु प्रति इंच

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**44.** ट्रैकोमा रोग का सम्बन्ध है

(A) फेफड़ों से

(B) कान से

(C) आँखों से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**45.** निम्नलिखित में से कौन-सा न्यूटन के गति के तीसरे नियम का उपयोग करता है?

(A) तीरंदाजी

(B) अंतरिक्ष रॉकेट

(C) वेन्चूरीमीटर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**46.** रासायनिक गुणों को अपरिवर्तित रखते हुए एक परमाणु के नाभिक में जोड़े जाने वाले कण हैं

(A) न्यूट्रॉन

(B) इलेक्ट्रॉन

(C) प्रोटॉन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**47.** Before Elon Musk announced change of the signature Blue Bird logo to Sign 'X' logo, who is regarded as the creator of Twitter's iconic Bird in its final version in 2012?

(A) Jack Dorsey

(B) Martin Grasser

(C) Noah Glass

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**48.** Who is the Director of the famous film *Oppenheimer*, a film about high-concept science, released this year?

(A) Christopher Nolan

(B) Guy Ritchie

(C) Laura McGann

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**49.** Which one of the following has pulled out from hosting the 2026 edition of Commonwealth Games due to huge estimated expenditure on its organization?

(A) London, UK

(B) Kuala Lumpur, Malaysia

(C) Victoria, Australia

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**50.** What is the full form of INDIA, a recently formed alliance of opposition political parties?

(A) Indian National Developmental Inclusive Alliance

(B) Indian National Development for Improvement Alliance

(C) Indian National Developmental Inclusive Association

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**51.** What message was sent by Chandrayaan–2 lunar orbiter to Chandrayaan–3's lander module when it established contact with it in August 2023?

(A) "Welcome home"

(B) "Chalo chand ke paar chalein"

(C) "Welcome, buddy"

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**47.** एलन मस्क द्वारा सिग्नेचर ब्लू बर्ड लोगो को बदलकर 'X' लोगो की घोषणा करने से पहले, 2012 में अपने अन्तिम संस्करण में ट्विटर के प्रतिष्ठित बर्ड के निर्माता के रूप में किसे माना जाता है?

(A) जैक डोर्सी

(B) मार्टिन ग्रासर

(C) नोआह ग्लास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**48.** इस वर्ष रिलीज़ हुई उच्च-अवधारणा विज्ञान के बारे में प्रसिद्ध फिल्म 'ओपेनहाइमर' के निर्देशक कौन हैं?

(A) क्रिस्टोफर नोलन

(B) गाइ रिची

(C) लौरा मैकगैन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**49.** निम्नलिखित में से किसने राष्ट्रमण्डल खेलों के 2026 संस्करण की मेजबानी से इसके आयोजन पर भारी अनुमानित व्यय के कारण अपना नाम वापस ले लिया है?

(A) लंदन, यू० के०

(B) कुआलालंपुर, मलेशिया

(C) विक्टोरिया, ऑस्ट्रेलिया

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**50.** हाल ही में बने विपक्षी राजनीतिक दलों के गठबंधन INDIA का पूर्णरूप क्या है?

(A) इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायन्स

(B) इंडियन नेशनल डेवलपमेंट फॉर इम्प्रूवमेंट अलायन्स

(C) इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव ऐसोसिएशन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**51.** अगस्त 2023 में जब चन्द्रयान–2 चंद्र ऑर्बिटर ने चन्द्रयान–3 के लैंडर मॉड्यूल से सम्पर्क स्थापित किया, तो उसने उसे क्या संदेश भेजा था?

(A) "वेलकम होम"

(B) "चलो चाँद के पार चलें"

(C) "वेलकम, बडी"

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**52.** Name the former President of China who crushed the pro-democracy movement in 1989.

(A) Mao Tse Tung

(B) Yang Shangkun

(C) Jiang Zemin

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**53.** Who has elected for the second term as Ireland's Prime Minister?

(A) Sanna Marin

(B) Robert Abela

(C) Leo Varadkar

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**54.** African Union was made a permanent member in the G–20 Summit held in India. Who is the Chairman of the African Union?

(A) Azali Assoumani

(B) Justin Trudeau

(C) Ursula von der Leyen

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**55.** As per geographical area, arrange the following physiographic units of India in ascending order

1. Central highlands
2. Great plains
3. Coastal plains
4. Northern Mountains

Select the correct answer using the codes given below.

(A) 3, 1, 2, 4

(B) 1, 2, 3, 4

(C) 2, 4, 1, 3

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**56.** Arrange the following ranges from North to South in sequence :

1. Ladakh
2. Karakoram
3. Pir Panjal
4. Zanskar

Select the correct answer using the codes given below.

(A) 1, 3, 2, 4

(B) 2, 1, 4, 3

(C) 3, 4, 1, 2

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**52.** 1989 में लोकतन्त्र समर्थक आन्दोलन को कुचलने वाले चीन के पूर्व राष्ट्रपति का नाम लिखिए।

(A) माओ त्से तुंग

(B) यांग शांगकुन

(C) जियांग जेमिन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**53.** आयरलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए किसे चुना गया है?

(A) सन्ना मरीन

(B) रॉबर्ट अबेला

(C) लियो वराडकर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**54.** भारत में आयोजित जी–20 शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य बनाया गया। अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष कौन हैं?

(A) अजाली असौमनी

(B) जस्टिन ट्रूडो

(C) उर्सुला वॉन डेर लेन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**55.** भौगोलिक क्षेत्रफल के अनुसार, भारत की निम्नलिखित भौतिक (फिजियोग्राफिक) इकाइयों को आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. केन्द्रीय उच्चभाग
2. महान मैदान
3. तटीय मैदान
4. उत्तरी पर्वत

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) 3, 1, 2, 4

(B) 1, 2, 3, 4

(C) 2, 4, 1, 3

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**56.** निम्नलिखित श्रेणियों को उत्तर से दक्षिण की ओर क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. लद्दाख
2. कराकोरम
3. पीर पन्जाल
4. जांस्कर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) 1, 3, 2, 4

(B) 2, 1, 4, 3

(C) 3, 4, 1, 2

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**57.** During the monsoon season in India, most of the cyclones have their origin

(A) between 8° N and 13° N latitude

(B) between 10° N and 15° N latitude

(C) between 16° N and 21° N latitude

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**58.** Which of the following areas is ***not*** landslide-prone area?

(A) Western Ghats

(B) Eastern Ghats

(C) Himalayan Regions

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**59.** Which of the following coasts of India is most affected by violent tropical cyclones?

(A) Malabar

(B) Coromandel

(C) Konkan

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**60.** When running water cuts through clayey soils and makes deep channels, they lead to

(A) gully erosion

(B) sheet erosion

(C) deforestation

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**61.** Which of the following receives heavy rainfall in the month of October and November?

(A) Hills of Garo, Khasi and Jaintia

(B) Coromandel Coasts

(C) Plateau of Chota Nagpur

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**62.** Cultivation of fruits and vegetables is called

(A) floriculture

(B) agriculture

(C) horticulture

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**57.** भारत में मॉनसून सीजन में अधिकांश चक्रवातों की उत्पत्ति होती है

(A) 8° उ० और 13° उ० अक्षांश के मध्य

(B) 10° उ० और 15° उ० अक्षांश के मध्य

(C) 16° उ० और 21° उ० अक्षांश के मध्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**58.** निम्नलिखित क्षेत्रों में से कौन-सा भूस्खलन-प्रवृत्त (प्रोन) **नहीं** है?

(A) पश्चिमी घाट

(B) पूर्वी घाट

(C) हिमालयी क्षेत्र

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**59.** निम्नलिखित में से भारत का कौन-सा तट उग्र उष्णकटिबंधीय चक्रवातों से सबसे अधिक प्रभावित है?

(A) मालाबार

(B) कोरोमंडल

(C) कोंकण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**60.** जब बहता पानी चिकनी मिट्टी को काटता है और गहरे चैनल बनाता है, तो क्या होता है?

(A) गली कटाव

(B) शीट क्षरण

(C) वनों की कटाई

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**61.** निम्नलिखित में से कहाँ अक्तूबर और नवम्बर के महीने में भारी वर्षा होती है?

(A) गारो, खासी और जैंतिया की पहाड़ियाँ

(B) कोरोमंडल तट

(C) छोटानागपुर का पठार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**62.** फलों एवं सब्जियों की खेती कहलाती है

(A) फूलों की खेती

(B) कृषि

(C) बागवानी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**63.** Who provided leadership in the districts of Patna, Ara and Shahabad during the Revolt of 1857 in Bihar?

(A) Raj Kumar Shukla

(B) Namdar Khan

(C) Kunwar Singh

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**64.** The Partition of Bengal was made effective on

(A) 14 October, 1905

(B) 15 October, 1905

(C) 16 October, 1905

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**65.** The Quit India Resolution was adopted by the Congress in Bombay on

(A) 7 August, 1942

(B) 8 August, 1942

(C) 9 August, 1942

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**66.** The British ruled India for a long period due to the

(A) liberal policies of the Congress

(B) imprisonment of Indian leaders

(C) policy of Divide and Rule

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**67.** Queen Victoria's Proclamation was issued on which of the following dates?

(A) 1 November, 1857

(B) 27 March, 1858

(C) 1 November, 1858

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**68.** Which of the following statements is/are correct?

(A) Raja Rammohan Roy was the pioneer of modern education.

(B) Swami Dayanand proclaimed India for Indians.

(C) Vivekananda participated in the Parliament of World Religions.

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**69.** Who among the following became India's unofficial Ambassador to England?

(A) Surendranath Banerjee

(B) Dadabhai Naoroji

(C) Swami Vivekananda

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**70.** Who described the Government of India Act, 1935 as a 'Charter of Slavery'?

(A) Mahatma Gandhi

(B) Netaji Subhas Chandra Bose

(C) Maulana Hasrat Mohani

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**63.** बिहार में 1857 की क्रान्ति के दौरान पटना, आरा और शाहाबाद जिलों में किसने नेतृत्व प्रदान किया?

(A) राजकुमार शुक्ला

(B) नामदार खाँ

(C) कुँवर सिंह

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**64.** बंगाल का विभाजन प्रभावी हुआ

(A) 14 अक्तूबर, 1905 को

(B) 15 अक्तूबर, 1905 को

(C) 16 अक्तूबर, 1905 को

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**65.** बम्बई में काँग्रेस द्वारा भारत छोड़ो प्रस्ताव पास किया गया

(A) 7 अगस्त, 1942 को

(B) 8 अगस्त, 1942 को

(C) 9 अगस्त, 1942 को

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**66.** अंग्रेजों ने भारत पर लम्बे समय तक राज्य कैसे किया?

(A) काँग्रेस की उदारवादी नीतियों के कारण

(B) भारतीय नेताओं की गिरफ्तारी के कारण

(C) 'बाँटो और राज करो' की नीति के कारण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**67.** निम्नलिखित में से किस तिथि को रानी विक्टोरिया की उद्घोषणा जारी हुई?

(A) 1 नवम्बर, 1857

(B) 27 मार्च, 1858

(C) 1 नवम्बर, 1858

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**68.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(A) राजा राममोहन राय नवीन शिक्षा के अग्रणी थे।

(B) स्वामी दयानन्द ने 'भारत भारतीयों के लिए' का नारा दिया।

(C) विवेकानन्द ने विश्व धर्म संसद में भाग लिया।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69.** इनमें से कौन इंग्लैंड में भारत के अनाधिकारिक दूत बने?

(A) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी

(B) दादाभाई नौरोजी

(C) स्वामी विवेकानन्द

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**70.** भारत सरकार अधिनियम, 1935 को किसने 'गुलामी का चार्टर' बताया?

(A) महात्मा गाँधी

(B) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

(C) मौलाना हसरत मोहानी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

## ( HINDI )

**71.** निम्नलिखित में से कौन-सी सिद्धों की बानियों की भाषा है?

(A) सधुक्कड़ी भाषा

(B) संध्या भाषा

(C) खिचड़ी भाषा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**72.** इनमें से कौन आदिकाल के कवि हैं?

(A) हृदयराम

(B) नाभादास

(C) प्राणचंद्र

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**73.** इनमें से कौन 'आकाशदीप' कहानी के रचयिता हैं?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) चंद्रधर शर्मा गुलेरी

(C) जैनेन्द्र कुमार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**74.** इनमें से कौन लॉर्ड कर्जन के शासन पर करारे आघात करने वाले लेखक हैं?

(A) माधो मिश्र

(B) सुदर्शन

(C) बालमुकुंद गुप्त

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**75.** इन सिद्ध कवियों में से कौन सर्वप्रथम माने जाते हैं?

(A) लूइपा

(B) कण्हपा

(C) सरहपा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**76.** इनमें से कौन राम-काव्य परंपरा के कवि हैं?

(A) प्राणचंद्र

(B) तुलसीदास

(C) नंददास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**77.** निम्नलिखित में से कौन-सी अज्ञेय विरचित कहानी है?

(A) गुण्डा

(B) विपथगा

(C) काला आदमी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**78.** इनमें से विद्यापति के पिता का नाम क्या है?

(A) कमलापति ठाकुर

(B) उमापति ठाकुर

(C) रमापति ठाकुर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**79.** “रोवहु सब मिलिकै आवहु भारत भाई।
हा हा! भारत दुर्दशा न देखी जाई॥”
इनमें से कौन उपर्युक्त पंक्तियों के रचयिता हैं?

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(B) मैथिलीशरण गुप्त

(C) प्रतापनारायण मिश्र

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**80.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रतीकात्मक नाटक है?

(A) विशाख

(B) एक घूँट

(C) चंद्रगुप्त

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**81.** इनमें से कौन मिर्जा राजा जयसिंह के आश्रय में रहने वाले कवि हैं?

(A) घनानंद

(B) बिहारी

(C) आलम

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**82.** निम्नलिखित में से जगनिक किस काल के कवि हैं?

(A) रीतिकाल

(B) भक्तिकाल

(C) आदिकाल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**83.** “बीती विभावरी जाग री
अम्बर पनघट में डुबो रही—
तारा-घट ऊषा नागरी।”
इनमें से कौन उपर्युक्त पंक्तियों के रचयिता हैं?

(A) मैथिलीशरण गुप्त

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) श्रीधर पाठक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**84.** इनमें से कौन ‘भारत-भारती’ काव्य के रचयिता हैं?

(A) अयोध्या सिंह उपाध्याय ‘हरिऔध’

(B) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

(C) मुकुटधर पाण्डेय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**85.** इनमें से कौन गऊघाट पर निवास करने वाले कवि हैं?

(A) नाभादास

(B) सूरदास

(C) तुलसीदास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**86.** इनमें से कौन नाथपंथ से संबंधित कवि हैं?

(A) नागार्जुन

(B) भट्ट केदार

(C) जड़भरत

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**87.** इनमें से कौन अकविता आंदोलन से संबंधित कवि हैं?

(A) सौमित्र मोहन

(B) जगदीश चतुर्वेदी

(C) लक्ष्मीकांत वर्मा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**88.** इनमें से कौन अष्टछाप के संस्थापक हैं?

(A) श्री हरिराय

(B) विठ्ठलनाथ

(C) नंददास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**89.** इनमें से कौन प्रयोगवादी कवि हैं?

(A) अज्ञेय

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) महादेवी वर्मा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**90.** निम्नलिखित में से कौन-सा फणीश्वर नाथ 'रेणु' विरचित उपन्यास है?

(A) मैला आँचल

(B) तितली

(C) परती परिकथा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश (प्रश्न संख्या 91 से 100 तक) :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए।

"साहित्योन्नति के साधनों में पुस्तकालयों का स्थान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इनके द्वारा साहित्य के जीवन की रक्षा, पुष्टि और अभिवृद्धि होती है। पुस्तकालय सभ्यता के इतिहास का जीता-जागता गवाह है। इसी के बल पर वर्तमान भारत को अपने अतीत गौरव पर गर्व है। पुस्तकालय भारत के लिए कोई नयी वस्तु नहीं है। लिपि के आविष्कार से आज तक लोग निरंतर पुस्तकों का संग्रह करते रहे हैं। पहले देवालय, विद्यालय और नृपालय इन संग्रहों के प्रमुख स्थान होते थे। इनके अतिरिक्त विद्वज्जनों के अपने निजी पुस्तकालय भी होते थे। मुद्रणकला के आविष्कार से पूर्व पुस्तकों का संग्रह करना आजकल की तरह सरल बात न थी। आजकल साधारण स्थिति के पुस्तकालय में जितनी सम्पत्ति लगती है, उतनी उन दिनों कभी-कभी एक-एक पुस्तक की तैयारी में लग जाया करती थी। भारत के पुस्तकालय संसार-भर में अपना सानी नहीं रखते थे। प्राचीन काल में यही स्थिति रही। चीन, फारस प्रभृति सुदूरस्थित देशों से झुण्ड-के-झुण्ड विद्यानुरागी लम्बी यात्राएँ करके भारत आया करते थे।"

**91.** निम्नलिखित में से कौन-सा उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है?

(A) पुस्तकालय का महत्त्व

(B) पुस्तकालय की उपलब्धियाँ

(C) पुस्तकालय और भारत

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**92.** पुस्तकों का संग्रह करना आजकल की तरह सरल बात न थी

(A) लिपि के आविष्कार से पहले

(B) पुस्तकों के निर्माण से पहले

(C) मुद्रणकला के आविष्कार से पहले

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**93.** प्राचीन काल में भारत का बड़ा महत्त्व था

(A) क्योंकि भारत विश्वगुरु माना जाता था

(B) क्योंकि भारत में विश्व के अनेक सुदूर-स्थित देशों से विद्यानुरागी पढ़ने आते थे

(C) क्योंकि भारत की समृद्धि विश्वविख्यात थी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**94.** पुस्तकालय भारत के लिए नयी वस्तु **नहीं** है

(A) क्योंकि भारत में आरम्भ से ही ज्ञान-विज्ञान का पठन-पाठन होता है

(B) क्योंकि भारत में ज्ञान-विज्ञान की परम्परा नहीं रही है

(C) क्योंकि भारत रूढ़िवादी देश है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**95.** साहित्य की उन्नति का महत्त्वपूर्ण साधन है

(A) वैभव

(B) भूमि

(C) पुस्तकालय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**96.** पुस्तकों का संग्रह शुरू हुआ

(A) साहित्य-लेखन के पहले

(B) लिपि के आविष्कार के साथ

(C) अंधविश्वासों के अंत के बाद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**97.** सभ्यता के इतिहास का जीता-जागता साक्ष्य है

(A) देवालय

(B) नृपालय

(C) पुस्तकालय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**98.** पुस्तकालय के आने से पहले पुस्तकों का संग्रह होता था

(A) नृपालय में

(B) देवालय में

(C) शस्त्रागार में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**99.** निम्नलिखित में से कौन-सा पुस्तकालय का विकास के कारण है?

(A) धर्म

(B) राष्ट्र

(C) मुद्रणकला का आविष्कार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**100.** भारत को अपने अतीत गौरव पर गर्व है

(A) देवालय के बल पर

(B) पुस्तकालय के बल पर

(C) नृपालय के बल पर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश (प्रश्न संख्या 101 से 110 तक) :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए।

"इस संसार में धन ही सब कुछ नहीं है। धन की पूजा तो बहुत कम जगहों में होती देखी गयी है। संसार का इतिहास उठाकर देखिए और उदाहरण ढूँढ़-ढूँढ़कर सामने रखिए, तो आपको विदित हो जायेगा कि जिनकी हम उपासना करते हैं, जिनके लिए हम आँखें बिछाने तक को तैयार रहते हैं, जिनकी स्मृति तरोताजा रखने के लिए हम अनेक तरह के स्मारक चिह्न बनाकर खड़े करते हैं, उन्होंने रुपया कमाने में अपना समय नहीं बिताया था, बल्कि उन्होंने कुछ ऐसे काम किये थे जिनकी महत्ता हम रुपये से अधिक मूल्यवान् समझते हैं। जिन लोगों के जीवन का उद्देश्य केवल रुपया बटोरना है, उनकी प्रतिष्ठा कम हुई है। अधिकांश अवस्थाओं में उन्हें किसी ने पूछा तक नहीं। उन्होंने जन्म लिया, रुपया कमाया और परलोक की यात्रा की। किसी ने जाना तक नहीं कि वे कौन थे और कहाँ गये। मानव समाज स्वार्थी अवश्य है, पर वह स्वार्थ की उपासना करना नहीं जानता। अंत में वे ही पूजे जाते हैं, जिन्होंने अपने जीवन को अर्पित करते समय सच्चे मनुष्यत्व का परिचय दिया है।"

**101.** धन के प्रति अति आग्रह होने से

(A) मनुष्य स्वार्थी बन जाता है

(B) उसमें धन-लोलुपता आ जाती है

(C) वह श्रेष्ठ बन जाता है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**102.** जीवन को अर्पित करने का अर्थ है

(A) जीवन को जन-कल्याण के कार्य में लगाना

(B) जीवन को सबल बनाना

(C) जीवन को स्वस्थ बनाना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**103.** कौन जन्म लेता है, रुपया कमाता और मर जाता है?

(A) जो दानी होता है

(B) जो अपने जीवन को अर्पित करता है

(C) जिसके जीवन का उद्देश्य धन-संग्रह होता है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**104.** अन्त में वही पूजा जाता है

(A) जो बलवान् होता है

(B) जो धनवान् होता है

(C) जो शक्तिशाली होता है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**105.** संसार में उन्हीं की उपासना होती है

(A) जो खूब रुपये कमाते हैं

(B) जिनके पास धन का भंडार होता है

(C) जो जीवन को अर्पित कर सच्चे मनुष्यत्व का उदाहरण बनते हैं

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**106.** धन-लोलुप व्यक्ति समाज में

(A) सम्मानित होता है

(B) विस्मृत कर दिया जाता है

(C) अप्रतिष्ठित होता है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**107.** निम्नलिखित में से कौन-सा धन से श्रेष्ठ है?

(A) यश

(B) बल

(C) त्याग

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**108.** सच्चे मनुष्यत्व का उद्देश्य है

(A) धन-संग्रह

(B) धन-लोलुपता का अभाव

(C) जीवन को दूसरों के कल्याण में अर्पित करना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**109.** मानव समाज स्वार्थी है

(A) पर वह निःस्वार्थी की उपासना करता है

(B) पर वह निःस्वार्थी को दान देता है

(C) पर वह निःस्वार्थी का सम्मान करता है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**110.** उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?

(A) धन की पूजा सर्वत्र होती है

(B) धन जीवन का सर्वस्व है

(C) धन जीवन का वरदान है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**111.** निम्नलिखित में से कौन-सी भाववाचक संज्ञा है?

(A) उत्तर

(B) मंगलवार

(C) सामीप्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**112.** निम्नलिखित में से कौन-सा गुणवाचक विशेषण है?

(A) दूना

(B) सब

(C) कुछ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**113.** निम्नलिखित में से कौन-सा द्वंद्व समास का उदाहरण है?

(A) ऋषि-मुनि

(B) प्रत्येक

(C) परोक्ष

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**114.** निम्नलिखित में से कौन-सी व्यक्तिवाचक संज्ञा है?

(A) बहन

(B) कलम

(C) पानी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**115.** निम्नलिखित में से कौन-सी सकर्मक क्रिया है?

(A) खाना

(B) कहना

(C) दौड़ना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**116.** निम्नलिखित में से कौन-सी समास की परिभाषा है?

(A) समास में दो या दो से अधिक वर्णों का संयोग होता है

(B) समास में दो या दो से अधिक वाक्यों का संयोग होता है

(C) समास में दो या दो से अधिक पदों का संयोग होता है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**117.** निम्नलिखित में से कौन-सा अव्यय है?

(A) जब

(B) पुत्र

(C) ठीक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**118.** निम्नलिखित में से कौन-सा निश्चयवाचक सर्वनाम है?

(A) कोई

(B) यह

(C) जो

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**119.** निम्नलिखित में से कौन-सा पुंलिंग शब्द है?

(A) अकड़

(B) अफवाह

(C) स्पर्श

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**120.** कर्ता कारक के 'ने' चिह्न का प्रयोग **नहीं** होता है

(A) भूतकाल में

(B) वर्तमान काल में

(C) भविष्यत् काल में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**121.** निम्नलिखित में से कौन-सा शुद्ध शब्द है?

(A) मंत्रीमंडल

(B) भ्रातागण

(C) योगीवर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**122.** निम्नलिखित में से कौन-सी अकर्मक क्रिया है?

(A) सोना

(B) पढ़ना

(C) लिखना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**123.** निम्नलिखित में से कौन-सी संधि की परिभाषा है?

(A) संधि में दो शब्दों के मेल से विकार उत्पन्न होता है

(B) संधि में दो पदों के मेल से विकार उत्पन्न होता है

(C) संधि में दो वाक्यों के मेल से विकार उत्पन्न होता है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**124.** निम्नलिखित में से किसमें कर्ता कारक के 'ने' चिह्न का प्रयोग होता है?

(A) सामान्यभूत

(B) आसन्नभूत

(C) अपूर्णभूत

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**125.** निम्नलिखित में से कौन-सा बहुवचन शब्द है?

(A) बालक

(B) प्राण

(C) आदमी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**126.** निम्नलिखित में से कौन-सा क्रिया-विशेषण है?

(A) अरे!

(B) हाय!

(C) नगर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**127.** निम्नलिखित में से कौन-सा दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है?

(A) देवर्षि

(B) सदैव

(C) यद्यपि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**128.** निम्नलिखित में से कौन-सा बहुवचन शब्द है?

(A) स्त्रीजन

(B) नारिवृन्द

(C) देवालय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**129.** निम्नलिखित में से कौन-सा शुद्ध शब्द है?

(A) निर्दयी

(B) निर्दोष

(C) निर्दय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**130.** निम्नलिखित में से कौन-सी समूहवाचक संज्ञा है?

(A) गुच्छा

(B) कुंज

(C) विजयदशमी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**131.** निम्नलिखित में से कौन-सा शुद्ध वाक्य है?

(A) बंदूक एक बहुत ही उपयोगी शस्त्र है।

(B) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।

(C) एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रही हैं।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**132.** निम्नलिखित में से कौन-सा बहुवचन शब्द है?

(A) लोग

(B) अक्षत

(C) पुष्प

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**133.** निम्नलिखित में से कौन-सा पुंलिंग शब्द है?

(A) अपेक्षा

(B) अवज्ञा

(C) अवस्था

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**134.** निम्नलिखित में से कौन-सा अशुद्ध शब्द है?

(A) पूज्यनीय

(B) निरपराध

(C) पौरुष

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

**135.** निम्नलिखित में से कौन-सा अव्ययीभाव समास का उदाहरण है?

(A) यथाशक्ति

(B) समक्ष

(C) मदान्ध

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**136.** निम्नलिखित में से कौन-सा अशुद्ध वाक्य है?

(A) कई रेलवे के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुयी।

(B) बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीते हैं।

(C) साहित्य और जीवन का अभिन्न संबंध है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**137.** निम्नलिखित में से किसमें सम्प्रदान कारक के चिह्न का प्रयोग हुआ है?

(A) वह घर से बाहर आया।

(B) उसने लड़के को बुलाया।

(C) उसने लड़के को मिठाइयाँ दीं।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**138.** निम्नलिखित में से कौन-सी जातिवाचक संज्ञा है?

(A) पटना

(B) गंगा

(C) नदी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**139.** निम्नलिखित में से किसमें संबंध कारक के चिह्न का प्रयोग हुआ है?

(A) चाँदी की थाली

(B) नाव जल में तैरती है

(C) इन दिनों वह पटना में है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**140.** निम्नलिखित में से कौन-सा मध्यमपुरुष सर्वनाम है?

(A) ये

(B) तुम

(C) वह

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**141.** 'जो दूसरे के स्थान पर अस्थायी रूप से काम करे' —अनेक शब्दों के लिए एकशब्द है

(A) अस्थायी

(B) अस्थायी पद

(C) स्थानापन्न

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**142.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'मेघ' शब्द का पर्यायवाची शब्द है?

(A) पयोद

(B) पयोधर

(C) जलधि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**143.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'अवनत' शब्द का विपरीतार्थक शब्द है?

(A) बहु

(B) उपेक्षा

(C) उन्नत

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**144.** 'दौड़-धूप करना' मुहावरे का अर्थ है

(A) परिश्रम करना

(B) बड़ी कोशिश करना

(C) खूब उन्नति करना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**145.** 'किसी काम में दूसरे से बढ़ने की इच्छा या उद्योग' —अनेक शब्दों के लिए एकशब्द है

(A) प्रतियोगिता

(B) स्पर्द्धा

(C) परिश्रम

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**146.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'जल' शब्द का पर्यायवाची शब्द है?

(A) उदक

(B) अम्बक

(C) अमिय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**147.** 'खाक छानना' मुहावरे का अर्थ है

(A) परेशान करना

(B) लापता होना

(C) बेफिक्र होना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**148.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'कृत्रिम' शब्द का विपरीतार्थक शब्द है?

(A) कृपा

(B) प्रकृत

(C) कृपण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**149.** 'चिराग तले अँधेरा' लोकोक्ति का अर्थ है

(A) अपनी बुराई नहीं दिखती

(B) न कारण होगा, न कार्य होगा

(C) परिश्रम का फल अवश्य मिलता है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**150.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'शुष्क' शब्द का विपरीतार्थक शब्द है?

(A) जल

(B) आर्द्र

(C) सिक्त

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Join Telegram Channel : @Notifyhere

For More Visit : Notifyhere.com

★ ★ ★

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com

**पुस्तिका शृंखला**

**A**

**उम्मीदवार का अनुक्रमांक**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**प्रश्न-पुस्तिका**

# भाषा, सामान्य अध्ययन और हिन्दी

**समय : 2:30 घण्टे**

**पूर्णांक : 150**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका तीन भागों में विभाजित है—भाग–I, भाग–II एवं भाग–III। भाग–I में **भाषा (अर्हता)** के प्रश्न हैं, भाग–II में **सामान्य अध्ययन** के प्रश्न हैं तथा भाग–III में **हिन्दी** के प्रश्न हैं।
2. भाग–I में प्रश्न संख्या **1** से **30**, भाग–II में प्रश्न संख्या **31** से **70** (प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं) तथा भाग–III में प्रश्न संख्या **71** से **150** तक हैं।
3. **सभी** प्रश्नों का अंक समान है।
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु एक पृष्ठ (पृष्ठ सं० 31) सहित पूरे 32 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
5. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
6. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको वीक्षक द्वारा अलग से उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-1 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
7. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने **अनुक्रमांक** तथा **प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
8. प्रत्येक प्रश्न के **पाँच** उत्तर—(A), (B), (C), (D) और (E) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर करेगा।
9. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **पाँच** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ और Ⓔ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक** वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
10. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
11. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
12. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षाकक्ष को छोड़ें।

**Note** : English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.

Join Telegram Channel : @Notifyhere
For More Visit : Notifyhere.com